This Question Paper consists of 36 questions and 8 printed pages.
इस प्रश्न–पत्र में 36 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं ।

Roll No. / अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

Code No. 60/OS/1
कोड नं.

Set / सेट – A

# HOME SCIENCE
## (गृह विज्ञान)
## (216)

Day and Date of Examination
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ______________________

Signature of Invigilators
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
1. ______________________
2. ______________________

**General Instructions :**

1 Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

2 Please check the Question Paper to verify that the total pages and the total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

3 For the objective type of questions, you have to choose any **one** of the four alternatives given in the question i.e. (A), (B), (C) and (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.

4 All the questions including objective type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective type questions.

5 Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

6 Write your Question Paper Code No. **60/OS/1, Set – A** on the Answer-Book.

7 (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

**सामान्य अनुदेश :**

1 परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

2 कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

3 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखें ।

4 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।

5 उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

6 अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या **60/OS/1, सेट – A** लिखें ।

7 (क) प्रश्नपत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।

कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

# HOME SCIENCE

## (गृह विज्ञान)

## (216)

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours] [Maximum Marks : **85**

समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे] [पूर्णांक : **85**

**Note :** (i) **All** questions are **compulsory**.
(ii) **Marks** are indicated against each question.

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।
(ii) प्रत्येक प्रश्न के **अंक** उसके सामने दिये गये हैं ।

**1** Body ache with alternative chills and perspiration could be symptoms of which disease ? **1**

(A) Typhoid (B) Malaria
(C) Tetanus (D) Tuberculosis

बदन दर्द के साथ बारी बारी ठंड लगना एवं पसीना आना कौन–सी बीमारी के लक्षण हो सकते हैं ?

(A) टायफॉइड (B) मलेरिया
(C) टेटनस (D) तपेदिक

**2** Which of the following is <u>not</u> a wage employment opportunity in catering area of Home Science ? **1**

(A) Staff in canteen
(B) Cook in a hotel
(C) Conducting hobby classes of cookery
(D) Service staff

निम्नलिखित में से कौन–सा वेतन रोजगार अवसर गृह विज्ञान के केटरिंग क्षेत्र के अन्तर्गत <u>नहीं</u> आता है ?

(A) कैंटीन में कर्मचारी
(B) होटल में रसोइया
(C) खाना पकाने की हॉबी कक्षाओं का आयोजन
(D) सेवाएँ प्रदान करने वाला कर्मचारी

3 Which fibre smells like burning paper when burnt ? **1**

(A) Rayon (B) Polyester

(C) Silk (D) Nylon

कौन–से तंतु को जलाने पर कागज़ के जलने जैसी गंध आती है?

(A) रेयॉन (B) पॉलियेस्टर

(C) रेशम (D) नायलॉन

4 Which surface is cleaned by using moist newspaper ? **1**

(A) Ceramic tiles (B) Metal taps

(C) Floors (D) Window glass

किस सतह को गीले अखबार द्वारा साफ किया जाता है?

(A) सिरामिक टाइल्स (B) धातु के नल

(C) फर्श (D) खिड़की के शीशे

5 Which is a biodegradable waste ? **1**

(A) Polythene bags (B) Metal scrap

(C) Plastic bottles (D) Vegetable peels

कौन–सा अपशिष्ट जैव निम्नीकृत है?

(A) पॉलिथिन के थैले (B) धातु अपशिष्ट

(C) प्लास्टिक की बोतलें (D) सब्जियों के छिलके

6 What is the average weight gain during pregnancy ? **1**

(A) 10 kg (B) 12 kg

(C) 18 kg (D) 20 kg

गर्भावस्था के दौरान औसतन वजन कितना बढ़ता है?

(A) 10 किग्रा (B) 12 किग्रा

(C) 18 किग्रा (D) 20 किग्रा

7 Which non-human resource will you use to build your house ? **1**

(A) Money (B) Time

(C) Energy (D) Skills

अपना मकान बनाने में आप कौन–से गैर–मानवीय संसाधन का उपयोग करेंगे?

(A) धन (B) समय

(C) ऊर्जा (D) कौशल

8 Listing and sequencing of task is done in which step of management ? **1**

(A) Planning (B) Organizing

(C) Implementing (D) Evaluating

कार्य की क्रमानुसार सूची प्रबंधन के किस चरण के अन्तर्गत तैयार की जाती है?

(A) योजना बनाना (B) संयोजित करना

(C) कार्यान्वित करना (D) मूल्यांकन करना

**9** Why is it important to include calcium rich foods in our diet ? **2**

अपने आहार में हमें कैल्शियम से भरपूर खाद्य पदार्थों को सम्मिलित करना महत्वपूर्ण क्यों है?

**10** Write any four precautions to be taken while removing stains from fabrics. **2**

कपड़ों पर से दाग–धब्बे छुड़ाते समय ली जाने वाली कोई चार सावधानियाँ लिखिए।

**11** Write any four instructions to maintain food hygiene in the kitchen. **2**

रसोईघर में भोजन स्वच्छता बनाए रखने के चार निर्देश लिखें।

**12** Which two symptoms can indicate that the children have a deficiency of Vitamin A ? Suggest any two suitable foods for such children. **2**

बच्चों में कौन–से दो लक्षण देखकर विटामिन ए की कमी का संकेत मिलता है? इन बच्चों के लिए कोई दो उपयुक्त खाद्य पदार्थों का सुझाव दें।

**13** Home Science is for both boys and girls. Justify this statement with the help of four reasons. **2**

गृह विज्ञान लड़के और लड़कियों दोनों के लिए आवश्यक है। चार कारणों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**14** In what two ways acquired immunity can be developed in a child after birth ? **2**

जन्म के पश्चात् बच्चे में उपार्जित प्रतिरक्षा किन दो तरह से विकसित की जा सकती है?

**15** Outline four steps of laundering a silk saree at home. **2**

एक रेशम की साड़ी को घर पर धोने के चार चरणों को क्रमानुसार लिखें।

16 Why is it important to have proper lighting at home ? **2**

घर में समुचित प्रकाश का होना आवश्यक क्यों है?

17 Give any four guidelines to use your resources efficiently. **2**

अपने संसाधनों को प्रभावशाली ढंग से उपयोग करने की कोई चार दिशानिर्देश बताइए।

18 Give four suggestions to develop healthy relationships among your family members. **2**

अपने परिवार के सदस्यों के बीच स्वस्थ संबंध विकसित करने के लिए चार सुझाव दें।

19 What is the influence of Autocratic and Democratic parenting styles on the personality of children ? **2**

एकतंत्र एवं स्वतंत्र पेरेंटिंग पद्धतियों का बच्चों के व्यक्तित्व पर क्या असर पड़ता है?

20 Which four values should children possess to become good citizens in future ? **2**

भविष्य में अच्छे नागरिक बनने के लिए बच्चों में कौन–से चार मूल्य होने आवश्यक है?

21 Suggest four ways to avoid buying adulterated spices. **2**

मिलावटी मसालों की खरीदारी से बचने के चार तरीके सुझाइए।

22 Which four important instructions should consumers keep in mind while filing a complaint in a Court ? **2**

अदालत में शिकायत दर्ज करने के लिए उपभोक्ताओं को कौन–सी चार महत्वपूर्ण निर्देशों का ध्यान रखना चाहिए?

23 A child has been given potato parantha in his tiffin. Write any two food groups which are missing in his meal. How can his mother include these in the parantha ? **2**

एक बच्चे के टिफ़िन में आलू का परांठा दिया गया है। कोई दो खाद्य समूह बताइए जो इसमें नहीं हैं। उनकी माताजी इस परांठे में इन्हें कैसे सम्मिलित कर सकती हैं?

24 Educate your sister about any six distinctive changes that will take place during her pregnancy. **3**

अपनी बहन को उसके गर्भावस्था के समय होने वाले किन्हीं छः विशिष्ट परिवर्तनों के बारे में शिक्षित कीजिए।

25 Write one difference each between the following weaves : **3**

(i) Plain and Twill

(ii) Plain and Satin

(iii) Twill and Satin

निम्नलिखित बुनाईओं के बीच एक–एक अंतर बताइए :

(i) साधारण एवं ट्विल

(ii) साधारण एवं साटिन

(iii) ट्विल एवं साटिन

26 Give six suggestions to prevent the occurrence of life style diseases. **3**

जीवन शैली रोगों का निवारण करने के लिए छः सुझाव दें।

27 Write six important steps of preserving banana by dehydration method. **3**

निर्जलीकरण की विधि द्वारा केले को संरक्षित करने के छः महत्वपूर्ण चरण लिखिए।

28 Explain combination, fermentation and germination methods of food enrichment. Also write one advantage of each. **3**

भोजन संवर्धन की संयोजन, किण्वन एवं अंकुरण विधियों को समझाइए। प्रत्येक का एक–एक लाभ भी लिखें।

29 Briefly explain the following finishes. What is their aim ? **4**

(i) Mercerization (ii) Parchmentization

(iii) Cleaning (iv) Calendering

निम्नलिखित परिसज्जाओं को संक्षिप्त में समझाइए। इन्हें करने का उद्देश्य क्या है?

(i) मर्सीकरण (ii) पार्चमेन्टीकरण

(iii) मंजाई (iv) कैलेंडरण

30 Identify four sources of water pollution in your area. Write its four health hazards. **4**

अपने क्षेत्र में जल प्रदूषण के चार स्रोतों को पहचाने। स्वास्थ्य पर इसके चार कुप्रभाव लिखें।

**31** Ramesh lives in a hilly area with his parents. He pulls rickshaw and earns ₹ 200 per day. Explain eight factors that would influence the meal planning of his family. **4**

रमेश अपने माता–पिता के साथ पहाड़ी इलाके में रहता है। वह रिक्शा चलाकर प्रतिदिन ₹ 200 कमा लेता है। उसके परिवार की आहार आयोजना को प्रभावित करने वाले आठ कारकों को समझाइए।

**32** What first aid will you give to your friend who has been stung by a honey bee ? **4**

आपके दोस्त को मधुमक्खी ने काट लिया है, उसे आप क्या प्राथमिक उपचार देंगे?

**33** Write four characteristics of a good budget. Suggest four ways to supplement your income. **4**

एक अच्छे बजट की चार विशेषताएँ बताइए। अपनी आय में वृद्धि लाने के चार सुझाव दें।

**34** Give eight suggestions to your sister to save her energy while working in a kitchen. **4**

रसोईघर में काम करते समय अपनी बहन को ऊर्जा की बचत करने के आठ तरीके सुझाइए।

**35** Prepare a checklist of eight motor abilities of four year old children. **4**

चार वर्षीय बच्चों की आठ गत्यात्मक क्षमताओं की जाँच सूची बनाइए।

**36** Your brother is often forced to drink alcohol by his friends. Suggest eight ways to help him cope with this problem. **4**

आपके भाई के दोस्त उसे अकसर मदिरा पीने के लिए दबाव डालते हैं। इस समस्या से जूझने के लिए उसे आठ सुझाव दें।